भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *149
उत्तर देने की तारीख 10 दिसम्बर, 2025

ग्राम पंचायतों हेतु ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी

***149. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवीः**
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत आज तक बिहार के सीवान, गोपालगंज, महाराजगंज, छपरा जिलों, उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले और छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा, सक्ती, बलौदाबाजार और सारंगगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के कितने गांवों को इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गई है; और
(ग) क्या सरकार ने चरण-।। को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने और दूर-दराज के क्षेत्रों में अवसंरचना के रखरखाव को सुदृढ़ करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"ग्राम पंचायतों हेतु ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी" के संबंध में दिनांक 10.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 149* के भाग (क) से (ग) के संदर्भ में विवरण।

(क) सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। भारतनेट चरण-I और चरण-II के तहत शामिल की गई जीपी की कुल संख्या 2,22,341 जीपी है, जिनमें से 2,14,904 जीपी सेवा प्रदान करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, सरकार ने दिनांक 04.08.2023 को संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को अनुमोदित किया है, जिसके माध्यम से मांग के आधार पर ~2.64 लाख जीपी और ~3.8 लाख बिना जीपी वाले गांवों को ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी प्रदान की जानी है।

(ख) बिहार के सीवान, गोपालगंज, महाराजगंज, छपरा जिलों, उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले और छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा, सक्ती, बलौदाबाजार और सारंगगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के गांवों जहां भारतनेट के तहत आज तक इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गई है की संख्या इस प्रकार है।

राज्य	जिला	इंटरनेट सुविधा प्राप्त गांव
बिहार	सीवान	164
	गोपालगंज	208
	छपरा (सारंग जिला)	251
	महाराजगंज ब्लॉक, सीवान जिला	33
उत्तर प्रदेश	देवरिया	219
छत्तीसगढ़	जांजगीर-चांपा	317
	सक्ती	310
	बलौदाबाजार	484
	सारंगगढ़-बिलाईगढ़	303

(ग) भारतनेट चरण-II के तहत शामिल की गई जीपी की कुल संख्या 1,02,133 है, जिनमें से 94,725 जीपी सेवा प्रदान करने के लिए तैयार हैं। भारतनेट की कार्यान्वयन कार्यनीति को संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) में संशोधन किया गया है और अवसंरचना के रखरखाव को मजबूत करने के लिए निम्नलिखित को शामिल किया गया है:

(i) रिंग आर्किटेक्चर में भारतनेट नेटवर्क का निर्माण और उन्नयन

(ii) सेवा स्तर करार (एसएलए) के आधार पर पूरे नेटवर्क का प्रचालन और रखरखाव

(iii) पैकेज में नेटवर्क के निर्माण और प्रचालन और रखखाव (ओ एंड एम) के लिए एकल परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए)

(iv) समर्पित नेटवर्क प्रचालन केंद्र

*****